# VOLLEYBALL FEDERATION OF INDIA

## 72ND SENIOR NATIONAL VOLLEYBALL CHAMPIONSHIPS FOR MEN & WOMEN

**4-11 JANUARY 2026**

**Dr SAMPURNANAND SPORTS STADIUM, SIGRA, VARANASI, U.P.**

**Organized by UTTAR PRADESH VOLLEYBALL ASSOCIATION Under the auspices of Volleyball Federation of India**

# BULLETIN NO -7

09-01-2026

**GET INVOLVED TO KEEP THE BALL FLYING**

# OFFICE BEARERS

| | |
|---|---|
| President | Mr VIRENDER KANWAR |
| Secretary General | Mr RAMANAND CHAUDHARY |
| Treasurer | Mr. HARI SINGH CHAUHAN |
| Vice Presidents | Mr. N. V. HANUMANTH REDDY |
| | Ms. SUSANTA BISWA SARMA |
| Joint Secretary | Mr. ANAND SHANKAR RAJHANS |
| | Mr. KULDEEP VATS |
| Executive Members | Mr. BINOY JOSHEP |
| | Mr. MITHLESH KUMAR SINGH |
| | Mr. UTTAM RAJ |
| | Mr. S. RAMADASSA |
| | Mr. PARTHA DAS |
| Executive Members from Athletes commission | Mr. GURINDER SINGH |
| | Ms. PRIYA CHAUDHARY |
| | Mr. P. KRISHNA CHAITANYA |
| | Ms. YENDAMURI LALITHA DEVI |

# SHORT HISTORY OF KASHI (VARANASI)

## Eminent Cultural and Educational Heritage of Varanasi (Banaras/Kashi)

Varanasi, also known as Kashi or Banaras, is one of the oldest continuously inhabited cities in the world, with a history stretching back over 3,000 years. Situated on the banks of the River Ganga in Uttar Pradesh, it has long been a major centre of Indian culture, religion, learning, and philosophy.

### Cultural Heritage

Varanasi holds exceptional spiritual significance in Hinduism, believed to be the city of Lord Shiva. The Kashi Vishwanath Temple is one of the most sacred pilgrimage sites for Hindus. The city's numerous ghats—such as Dashashwamegh and Manikarnika—are central to rituals, worship, and life-cycle ceremonies. Varanasi is also important to Buddhism, as Sarnath, where Lord Buddha delivered his first sermon, lies nearby. Over centuries, the city became a meeting ground for diverse religious and philosophical traditions

Culturally, Varanasi is renowned for classical music (Hindustani music), producing legendary musicians like Pandit Ravi Shankar and Ustad Bismillah Khan. It is equally famous for Banarasi silk sarees, literature, Sanskrit learning, festivals, and traditional arts.

Thus, Kashi is not just a city of historical importance, but a timeless spiritual realm where history, mythology, devotion, and the quest for liberation come together

### Educational Heritage

Varanasi has been a seat of learning since ancient times, especially for Vedic studies, Sanskrit grammar, philosophy, astronomy, and law. Scholars from across India once travelled to Kashi to study at traditional gurukuls and tolls. In modern times, the establishment of Banaras Hindu University (BHU) in 1916 by Pandit Madan Mohan Malaviya marked a milestone in Indian higher education. BHU became one of Asia's largest and most prestigious universities, blending traditional Indian knowledge with modern sciences.

# VOLLEYBALL FEDERATION OF INDIA

72nd Senior National Volleyball Championship for Men and Women
VENUE: *Dr Sampurananad Sports Stadium, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh*
*from 4th January to 11th January 2026.*

## MATCH SCHEDULE FOR THE DAY 7

### SEMI-FINAL MATCHES (WOMEN) (DATE: -10.01.25)

| DAY 7 | | 10.01.2025 | | | | SATURDAY |
|---|---|---|---|---|---|---|
| F 61 | KERALA | Vs | HARYANA | SF 1 | 1200 | COURT 1 |
| F 62 | RAJASTHAN | Vs | INDIAN RAILWAYS | SF 2 | 1400 | COURT 1 |

### SEMI-FINAL MATCHES (MEN) (DATE: -04.12.25)

| DAY 7 | | 10.01.2025 | | | | SATURDAY |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M 71 | INDIAN RAILWAYS | Vs | SERVICES | SF 1 | 1600 | COURT 1 |
| M 72 | PUNJAB | Vs | KERALA | SF 2 | 1800 | COURT 1 |

**IMPORTANT NOTE: - The teams must report on the court 45 minutes before the schedule time.**

**ANAND S RAJHANS**
Chairman, Control Committee,
VOLLEYBALL FEDERATION OF INDIA

# VOLLEYBALL FEDERATION OF INDIA

72$^{nd}$ Senior National Volleyball Championship for Men and Women

VENUE: *Dr Sampurananad Sports Stadium, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh from 4$^{th}$ January to 11$^{th}$ January 2026*

## SEMI FINAL MATCHES RESULT (WOMEN)

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| F61 | SF1 | KERALA | BT | HARYANA | 3-0 | 25-19 | 25-21 | 35-33 | -- | -- | 85-73 | 97 |
| 1$^{ST}$ REFREE: - MRS ANJALI SARDASAI (MAH) | | | | 2$^{ND}$ REFREE: - MR. ANIL OBEROI (CDG) | | | | SCORER: - MR. C B MISHRA (CTH) | | | | |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| F62 | SF2 | INDIAN RAILWAYS | BT | RAJASTHAN | 3-1 | 25-13 | 25-16 | 24-26 | 25-19 | -- | 99-74 | 105 |
| 1$^{ST}$ REFREE: - AMIT SHARMA (J&K) | | | | 2$^{ND}$ REFREE: - MR. SANTOSH SINGH (BHR) | | | | SCORER: - MR. BRIJESH KUMAR MAURYA (UP) | | | | |

## SEMI FINAL MATCHES RESULT (MEN)

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| M 71 | SF1 | INDIAN RAILWAYS | BT | SERVICES | 3-2 | 25-09 | 25-19 | 23-25 | 25-22 | -- | 98-75 | 110 |
| 1$^{ST}$ REFREE: - MR. RAMESHWAR SINGH CHAUHAN (H.P) | | | | 2$^{ND}$ REFREE: - MR. M. SAMIDAS (TN) | | | | SCORER: - MR. VIDOD SINGH (UP) | | | | |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| M 72 | SF2 | KERALA | BT | PUNJAB | 3-0 | 25-23 | 25-23 | 25-22 | -- | -- | 75 - 68 | 75 |
| 1$^{ST}$ REFREE: - MR. NARENDRASINGH KSHATRIYA (GUJ) | | | | 2$^{ND}$ REFREE: - MR. ROMEO SINGH (MAN) | | | | SCORER: - MR. BRIJESH KUMAR MAURYA (UP) | | | | |

# ACTION PHOTOS - MEN SEMI FINALS



# MORE ACTION PHOTOS OF THE DAY



# MEDIA COVERAGE

## बोलीं ऑब्जर्वर मालती चौहान

# खेल को उभारने के लिए एआई बेस्ड रिसर्च जरूरी

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** जयपुर से आईं वॉलीबॉल की ऑब्जर्वर मालती चौहान ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को उभारने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित रिसर्च करने की जरूरत है। इससे हम बेहतर खिलाड़ी निकाल सकेंगे। सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रही 72वीं नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में वह भारतीय वॉलीबॉल फेडरेशन की ऑब्जर्वर बनकर आई हैं।

जयपुर में डीओपीटी विभाग में वरिष्ठ खेल अधिकारी मालती चौहान 1990 में भारतीय टीम का हिस्सा रहीं। उनकी लंबाई करीब छह फुट है। उन्होंने बताया कि वॉलीबॉल हो या फिर कोई भी खेल, अमूमन शुरुआती समय में खेल चुनने या ट्रेनिंग के दौरान खिलाड़ी



**लड़कियों को किसी न किसी खेल से जोड़ने की जरूरत**

की लंबाई, उसके कंधों की मजबूती, शरीर के अन्य हिस्सों की फुर्ती को देखते हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियों को किसी न किसी खेल से जरूर जोड़ें। खेल जीना और लड़ना सिखाता है।

**वाराणसी में खेल आयोजन से बना माहौल:** मालती चौहान ने बताया कि इस तरह की राष्ट्रीय प्रतियोगिता से शहर में एक खेल का माहौल देखने को मिल रहा है। होटल में चाय परोसने वाले तक में इसे लेकर क्रेज और चर्चा है।

खेल-खिलाड़ी

लंबा कद, छरहरा बदन... खेल से इतर ये है सर्विसेज टीम की पहचान

# सर्विसेज की टीम में सबसे ज्यादा छह खिलाड़ी भारतीय नौसेना के

रोहित चतुर्वेदी

**वाराणसी।** लंबा कद, छरहरा बदन, चेहरे पर अलग रौब... सर्विसेज के खिलाड़ियों की यही पहचान है। सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में सेमीफाइनल मैच से पहले टीम कोर्ट पर वार्मअप कर रही थी। इसी बीच टीम के मुख्य कोच राजेश कुमार दहिया ने कहा हम खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरे थे। इस बार पदक का रंग बदलना का इरादा था लेकिन कुछ चूक ने स्वर्ण पदक से दूर कर दिया।

सर्विसेज की 14 सदस्यीय टीम में छह खिलाड़ी भारतीय नौसेना से हैं। चार-चार खिलाड़ी भारतीय वायुसेना और थल सेना से आए हैं। टीम बेहद अनुशासित और पेशेवर है। टीम के हर खिलाड़ी को एक-दूसरे की मजबूती और कमजोरी का पता है। कोच ने बताया कि पूरे साल साथ खेलने और प्रशिक्षण का फायदा मिल रहा है। पिछले साल सर्विसेज को सीनियर नेशनल में रजत पदक मिला था। इस बार हम पदक का रंग बदलना चाह रहे थे लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी।



अतिथियों के साथ सेना की सर्विसेज की टीम के खिलाड़ी। अमर उजाला

**लीग मैच में सर्विसेज को तमिलनाडु ने चौंकाया था:** सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में सर्विसेज की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। पूल के मुकाबलों में खेले गए तीन मैचों में से दो में जीत दर्ज कर टीम ने अपनी मजबूती साबित की। लीग में सर्विसेज ने रेलवे और पंजाब को पांच सेटों के मुकाबले में परास्त किया था, मगर तमिलनाडु से उसे हार का सामना करना पड़ा था।

**टीम संरचना : तीनों सेनाओं का संतुलन:** सर्विसेज की टीम भारतीय सशस्त्र बलों की संयुक्त ताकत का प्रतीक है। भारतीय नौसेना से टीम में छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय वायुसेना के चार खिलाड़ी टीम का हिस्सा हैं।

## *कोचिंग में अनुशासन और हर मैच के लिए अलग रणनीति*

*टीम की कमान अनुभवी कोच राजेश कुमार के हाथों में है। उनके मार्गदर्शन में टीम ने फिटनेस, रणनीति और तालमेल पर विशेष ध्यान दिया है, जिसका असर मैदान पर साफ नजर आ रहा है। हर मैच की वीडियोग्राफी कराई जाती है। बाद में फुटेज देखकर खेल का विश्लेषण किया जाता है। कोच राजेश कुमार के मुताबिक, भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना न सिर्फ देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रही हैं, बल्कि खेल में भी निरंतर योगदान दे रही हैं। सर्विसेज की टीम इसका जीवंत उदाहरण है जहां अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति खेल भावना के साथ मिलकर उत्कृष्ट प्रदर्शन को जन्म देते हैं।*

---

विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर

# दोनों वर्गों में केरल-रेलवे में खिताबी जंग आज

**नेशनल वॉलीबॉल**

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबाल के फाइनल में रेलवे और केरल की टीमें दोनों वर्गों में आमने सामने होंगी। लगातार पांच बार की केरल की महिलाएं छठा खिताब जीतने के लिए रविवार को रेलवे से भिड़ेगी। दोनों टीमों ने शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल मैचों में हरियाणा और राजस्थान को पराजित किया।

सिगरा स्थित डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाला फाइनल काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। महिलाओं के सेमीफाइनल में केरल ने हरियाणा को तीन सेटों में पराजित किया, जबकि रेलवे की टीम राजस्थान को 3-1 से हराकर फाइनल में पहुंची है।

दूसरी ओर, पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मैच में रेलवे ने सर्विसेज को परास्त कर फाइनल में जगह बना ली। उधर दूसरे सेमीफाइनल में केरल ने पंजाब को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से परास्त कर दिया। फाइनल के अतिथि के तौर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। ➤ संबंधित P 04




सेमीफाइनल में केरल के अटैक को रोकती हरियाणा की खिलाड़ी।

my city

# 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप



अमर उ

# खिताब की दहलीज पर पहुंचीं रेलवे और केरल की महिला-पुरुष वर्ग की टीमें, फाइनल आज

## आज सुबह आठ बजे से खेला जाएगा 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबाल का फाइनल

## महिला वर्ग के सेमीफाइनल में केरल ने हरियाणा व रेलवे ने राजस्थान को हराया




**जीत की जंग...** सेमीफाइनल में भिड़ीं हरियाणा और केरल की महिला टीम की खिलाड़ी। इसमें केरल को जीत मिली। अमर उजाला

### एक नजर में चैंपियनशिप

**30** राज्यों का प्रतिनिधित्व | **06** केंद्र शासित प्रदेश

**1044** खिलाड़ी | **30** टीमें पुरुष वर्ग में

- 28 टीमें महिला वर्ग में
- 100 मैच रेफरी
- 60 भारतीय वॉलीबॉल संघ के अधिकारी व चयनकर्ता
- 200 वालंटियर्स
- 20 बड़े व छोटे वाहन खिलाड़ियों के पिकअप, ड्राप और साइट सीन के लिए
- 700 कमरे होटलों में आरक्षित
- 2000 लोगों का रोजाना ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर
- 200 से अधिक होर्डिंग्स और यूनिपोल प्रचार सामग्री के लिए आरक्षित
- 02 क्रूज मेहमान खिलाड़ियों के गंगा दर्शन के लिए
- 08 स्टीमर गंगा आरती के लिए

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। गत चैंपियन केरल की महिला टीम ने जोरदार मुकाबले में हरियाणा को 3-0 से परास्त कर 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया जहां रविवार को उसका सामना अंतरराष्ट्रीय सितारों से सुसज्जित भारतीय रेलवे की टीम से होगा।

शनिवार को ही सिगरा स्टेडियम के इंडोर कोर्ट पर खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय रेलवे की टीम चिर-प्रतिद्वंद्वी राजस्थान को 3-1 से शिकस्त दे खिताबी दहलीज पर पहुंच गई। उधर, पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में रेलवे ने सर्विसेज को कांटे की टक्कर में 3-2 से हरा फाइनल का टिकट हासिल किया। इस जीत के साथ ही रेलवे की टीम दोहरे खिताब की दहलीज पर पहुंच गई है। उधर, अंतिम सेमीफाइनल मुकाबले में केरल ने पंजाब को सीधे सेट में 3-0 से हरा फाइनल में प्रवेश किया। अब रेलवे और केरल की महिला-पुरुष टीमों के पास दोहरा खिताब हासिल करने का मौका है।

महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में मैच की शुरुआत से ही केरल की टीम ने आक्रामक रुख अपनाया। केरल की अटैकर शानदार प्रदर्शन से दर्शकों की वाहवाही लूटी। उनके दमदार स्मैश और सटीक सर्विस का हरियाणा के पास कोई जवाब नहीं था। खेल के पहले दो सेट केरल ने 25-19 और 25-21 से आसानी से अपने नाम किए। तीसरा सेट इस चैंपियनशिप के सबसे यादगार सेटों हरियाणा की टीम ने पलटवार किया और स्कोर को बराबरी पर ला खड़ा किया। हरियाणा की ओर से निशा और पूजा ने जोरदार संघर्ष किया, लेकिन निर्णायक क्षणों में केरल की अन्न मैथ्यू, एंजल थॉमस और एनवी जैकब के अनुभव ने मैच केरल के पक्ष

### दिग्गजों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दौरान बीएचयू के कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी, एमएलसी विनीत सिंह की उपस्थिति रही। आयोजन समिति के अध्यक्ष व मेयर अशोक कुमार तिवारी और सचिव संजीत पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही नगर निगम के अधिकारियों और खेल जगत की हस्तियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### आज दोनों डिप्टी सीएम होंगे मुख्य अतिथि

रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले और पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष व मेयर अशोक कुमार तिवारी ने दी है। उन्होंने कहा कि दोनों उप मुख्यमंत्री खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगे।

### रेलवे की टीम का अनुभव काम आया

रेलवे की टीम ने अपनी सधी हुई रणनीति और अनुभव से राजस्थान को परास्त किया। प्रमुख खिलाड़ी रुकसाना खातून ने शुरुआती सेट में राजस्थान के डिफेंस को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। उनकी सर्विस और सूझबूझ रेलवे की जीत की नींव बनी। वहीं नेट पर अपनी फुर्ती के लिए मशहूर कविता ने ब्लॉक और स्मैश के बीच शानदार संतुलन बनाए रखा। पहले सेट में उनकी भूमिका गेम चेंजर की रही। एस. शालिनी ने कोर्ट के हर कोने को कवर किया। उनके सटीक प्लेसमेंट ने रेलवे को तीसरे सेट की हार के बाद चौथे सेट में वापसी कराने में मदद की।




### सर्विसेज के लिए कांस्य जीतने का मौका

पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में भले ही रेलवे के हाथों सर्विसेज को 3-2 से शिकस्त खानी पड़ी है। मगर प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने का उसके पास मौका बरकरार है। रविवार को तीसरे स्थान के लिए उसे खेलना है। यदि टीम जीतती है तो उसे कांस्य पदक हासिल होगा। बहरहाल, सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद अंतरराष्ट्रीय सितारों से सुसज्जित रेलवे ने दूसरे सेट में वापसी की। मगर तीसरे सेट में उसे सर्विसेज ने हराकर अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। मगर चौथे और पांचवें सेट में रेलवे ने जीत दर्ज की फाइनल का सफर तय किया। उधर, पुरुष वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में केरल ने पंजाब को सीधे सेटों में 3-0 से हरा दिया।

### आज सुबह आठ बजे से खेले जाएंगे मैच

प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को कोर्ट नंबर एक और दो पर सुबह आठ बजे से तीसरे स्थान के लिए हाईवोल्टेज मैच खेले जाएंगे। इसके बाद सुबह साढ़े दस बजे से महिला वर्ग और दोपहर डेढ़ बजे से पुरुष वर्ग का फाइनल खेला जाएगा। विजेताओं को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक पुरस्कृत करेंगे। चैंपियन टीम को ट्रॉफी और मेडल के साथ ही ढाई-ढाई लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा। उपविजेता टीम को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये, मेडल व ट्रॉफी प्रदान की



# 72वां नेशनल वॉलीबॉल

# महामुकाबला आज



**अंगामुथू**
कप्तानः भारतीय रेलवे

"तमिलनाडु निवासी अंगामुथु ने कहा कि सेमीफाइनल में सर्विसेज जैसी बड़ी टीम को पराजित करने के बाद टीम के हौसले बुलंद हैं। फाइनल में भी हम सेमीफाइनल जैसा ही प्रदर्शन करेंगे। टीम फाइनल ट्रॉफी जीत के लिए तैयार है।"

सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पिछले एक सप्ताह से चल रहा वॉलीबॉल का रोमांच रविवार को फाइनल मैचों के साथ थम जाएगा। देशभर से आई टीमों के बेहतरीन खेल का वाराणसी और आसपास के जिलों के खेल प्रशंसकों ने भरपूर लुत्फ उठाया। खिलाड़ियों ने भी काशी को जाना।

**11:00** बजे सुबह महिला वर्ग का फाइनल मैच खेला जाएगा

**02:00** बजे दिन में शुरू होगा पुरुषों का फाइनल मैच



**सेथु टीआर**
कप्तानः केरल


"सेथु टीआर ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा कि फाइनल में ट्रॉफी जीतने की कोशिश होगी। विपक्षी टीम रेलवे की है। रेलवे ने बड़ी टीम सर्विसेज को हराया है। ऐसे में कड़ी टक्कर की उम्मीद है। हालांकि हम तैयार हैं।"



**अनुश्री**
कप्तानः केरल

"अनुश्री ने जीत के बाद कहा कि सेमीफाइनल में कुछ गलतियां हुई थीं। टीम की खिलाड़ियों की जो क्षमता है, वह आखिरी सेट में नहीं दिखा। सामंजस्य और सामने वाली टीम के अनुसार हम रणनीति बनाकर खेलेंगे।"





**एंजल**
कप्तानः भारतीय रेलवे

"महिला वर्ग के फाइनल में पहुंची भारतीय रेलवे टीम की कप्तान चेन्नई की एंजल हैं। राजस्थान से खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के बाद कहा कि सामने वाली टीम भी बढ़िया थी। अब हम ट्रॉफी जीतने के लिए कोर्ट में उतरेंगे।"

6/18

**1 दोपहर से रात तक खचाखच भरी रही दर्शक दीर्घा**
सेमीफाइनल की भिड़ंत देखने के शहर और देहात से ही नहीं, दूसरे जनपदों से भी लोग पहुंचे थे। कोर्ट नंबर एक पर मंच से लेकर सामने की तरफ की कुर्सियां पूरी तरह भरी रहीं। प्रथम तल पर दोनों तरफ की दर्शक दीर्घा में स्थान खाली नहीं था। मैच का रोमांच इतना था कि लोग दो से तीन घंटे तक खड़े रहे।

**2 विजेता को मिलेंगे ढाई-ढाई लाख नगद**
महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग की विजेता टीम को ढाई-ढाई लाख रुपये की नगद राशि प्रदान की जाएगी। दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को डेढ़-डेढ़ लाख और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को एक-एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

**3 सुबह 8 बजे से तीसरे स्थान के लिए मैच**
सुबह आठ बजे से कोर्ट नंबर-1 और 2 पर महिला एवं पुरुष वर्ग के हाई लाइन मैच एक साथ शुरू होंगे। तीसरे स्थान के लिए पुरुष वर्ग में सर्विसेज बनाम पंजाब, महिला वर्ग में हरियाणा बनाम राजस्थान का मुकाबला होगा। इसके बाद महिला और पुरुष टीमों का फाइनल खेला जाएगा।

**4 एस. शालिनी**

# कड़े संघर्ष में रेलवे ने सर्विसेज को हराया

## ढाई घंटे तक चले मैच में आखिरी तक बना रहा रोमांच, पांच सेट तक चले सेमीफाइनल में अंततः रेलवे को 3-2 से जीत मिली

■ अमित वर्मा

**वाराणसी।** पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सर्विसेज और भारतीय रेलवे के बीच रोमांचक मुकाबला रहा। पांच सेट तक चले मुकाबले में आखिरी समय तक रोमांच बना रहा। नेक टु नेक फाइट में रेलवे की टीम ने जीत दर्ज की। सर्विसेज की टीम के खेल को सभी ने सराहा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में केरल ने पंजाब को सीधे सेटों में 3-0 से हरा दिया। पंजाब की टीम आखिरी के समय में लड़ती नजर आई, लेकिन हार नहीं बचा सकी।

**पिछड़ने के बाद रेलवे की वापसी:** रेलवे की टीम सर्विसेज से पहला सेट हार गई थी। हर सेट में उतार चढ़ाव की स्थिति बनी रही। पहले रेलवे हारी, फिर सर्विसेज हारी, तीसरे सेट में फिर से रेलवे हारी, चौथे सेट में सर्विसेज हार गई। निर्णायक पांचवें सेट में 2 अंक के अंतर से रेलवे ने सर्विसेज को मायूस कर दिया।

मैच का रोमांच इस बात से समझा जा सकता है कि पहले से पांचवें सेट तक कभी रेलवे तो कभी सर्विसेज का स्कोर 1 से 2 अंक ही आगे रहा। पहले सेट में रेलवे 22-25 के अंतर से हारी। दूसरे सेट में 25-23 से जीती। तीसरे सेट में रेलवे फिर 21-25 से हार गई। चौथे सेट में रेलवे ने वापसी करते हुए 25-17 के अंतर से जीत हासिल की। आखिरी सेट शुरू से लेकर 13 के अंक तक कई बार बराबरी पर रहा। हालांकि आखिरी के 2 अंक जुटाकर रेलवे ने जीत दर्ज कर ली। इस तरह रेलवे ने सर्विसेज को 3-2 (22-25, 25-23, 21-25, 25-17, 15-13) से हराकर फाइनल में जगह बना ली। उधर, दूसरे सेमी मुकाबले में केरल ने पंजाब को सीधे सेटों में 3-0 (25-23, 25-23, 25-22) से हरा दिया। बीएचयू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहे।

**इन खिलाड़ियों ने पलटा मैच का पासा:** रेलवे के कप्तान अंगमुथु के सटीक और ताकतवर स्मैश ने कई अंक दिलाए। वहीं अनुभवी खिलाड़ी

**01** पंजाब को सीधे सेटों में हराकर केरल पहुंचा फाइनल में

**02** दर्शकों ने खेल का पूरा लुत्फ लिया, मनोबल बढ़ाया

### केरल का अटैक और ब्लॉक बना हथियार

दूसरे सेमीफाइनल में केरल ने पंजाब को 3-0 से हराया। पहले सेट में कांटे की टक्कर देखने को मिली। पंजाब के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रतिरोध दिखाया, लेकिन केरल के आक्रामक स्मैश और सटीक ब्लॉक के आगे उनकी एक न चली। केरल ने पहला सेट 25-23 से जीता। दूसरा सेट भी केरल ने 25-23 के अंतर से ही जीता, लेकिन पंजाब की टीम ने आखिरी समय में दम दिखाया। आखिरी सेट में दो बार ऐसा मौका आया कि पंजाब ने बढ़त बनाई। हालांकि यह सेट भी केरल ने 25-22 से अपने नाम किया।

के तौर पर संजय मलिक ने विपक्षी टीम के अटैक को ब्लॉक किया। रोहित कुमार और एमिल टी जोसेफ ने डिफेंस और अटैक के बीच शानदार तालमेल बैठाया। तनीश और समीर ने महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए।

**कप्तान सेथु समेत कई के अटैक नहीं झेल सके:** केरल की जीत में मुख्य रूप से मुहम्मद निहाल और जॉन जोसेफ ने रक्षात्मक और आक्रामक खेल का बेहतरीन संतुलन बनाया। कप्तान सेथु टीआर ने टीम का कुशलता से नेतृत्व किया, जबकि जिथिन एन और एरिन वर्गीज ने दबाव बनाए रखा।

**केरल की जीत में अनाघा आर, अन्न मैथ्यू का बेहतरीन प्रदर्शन:** केरल की अन्न मैथ्यू, एंजल थॉमस, एलसी जैकब, अनाघा आर, भूमिका, नंदना ने जबरदस्त खेल दिखाया। कप्तान अनुश्री के अनुभव और युवा ब्रिगेड ने मैच केरल की ओर मोड़ दिया।



नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में रेलवे और सर्विसेज के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। पांच सेट तक चले मैच में अंततः रेलवे ने बाजी मारी। • हिन्दुस्तान

# केरल की लगातार छठे खिताब पर निगाहें

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** केरल की महिलाओं ने रोमांच से भरे सेमीफाइनल में अपनी दक्षता दिखाते हुए लगातार छठी बार नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ उसने लगातार छठा खिताब जीतने की ओर भी एक और कदम बढ़ा दिया है। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में केरल की टीम ने हरियाणा को सीधे सेटों में 3-0 से शिकस्त दी।

डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सिगरा में चल रही 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज करती दिख रही केरल की टीम को तीसरे सेट में हरियाणा की लड़कियों ने कड़ी टक्कर दी।

### महिला वर्ग : पहला सेमीफाइनल

केरल और हरियाणा के बीच पहला सेमीफाइनल तय समय दोपहर 12 बजे से आधा घंटा देरी से शुरू हुआ। केरल ने पहला सेट 25-21 से आसानी से जीत लिया। दूसरे सेट में हरियाणा की टीम ने वापसी की कोशिश की, यह सेट भी केरल ने 25-21 से जीत लिया। आखिरी सेट में हरियाणा ने केरल को जबर्दस्त टक्कर दी। इस सेट में जीत के लिए जद्दोजहद को इसी से समझा जा सकता है कि शुरू से ही कभी हरियाणा तो कभी केरल एक-एक अंक से आगे-पीछे होते रहे। 20-20 के स्कोर के बाद यह सेट और रोमांचक होता गया। 33-33 के स्कोर तक हरियाणा ने केरल का पीछा किया। हालांकि केरल ने इसी समय केरल की लड़कियों ने स्मैशों पर पूरा नियंत्रण दिखाते हुए लगातार दो अंक जुटा लिये और यह सेट 35-33 से जीत लिया। इस तरह पहले सेमीफाइनल में केरल ने फाइनल में प्रवेश किया।



### दूसरा सेमीफाइनल

दूसरा सेमीफाइनल भारतीय रेलवे और राजस्थान के बीच खेला गया। यह मैच भी रोमांच से भरा रहा। पहला और दूसरा सेट तो रेलवे के बड़े अंतर 25-13 और 25-16 से जीत लिया। तीसरे सेट में राजस्थान ने वापसी की। तीसरा सेट शुरू से ही कांटे की टक्कर का रहा। 14-14 की बराबरी के बाद से ही दोनों टीमें एक-एक अंक के लिए लड़ती रहीं। हर अंक के साथ रोमांच भी दोगुना होता जा रहा था। एक समय दोनों टीमें 24-24 की बराबरी पर आ गईं। इसके बाद राजस्थान की टीम ने शानदार ब्लॉक और ड्रॉप से दो अंक जुटा लिए और तीसरा सेट 26-24 से जीत लिया। अब निर्णय के लिए चौथा सेट खेला गया। इस सेट में भी राजस्थान ने कड़ी टक्कर दी। हालांकि आखिरी समय में टीम दबाव नहीं झेल सकी। यह सेट रेलवे ने 25-19 से जीत लिया। इस तरह रेलवे ने फाइनल में जगह बना ली।

# Official Balls & Nets

## For this Championship

SPARTAN

RELOAD
your game







M/s. P. Ram Chand & Co. (Spartan)
P.O. Box 815, Basti Nau, Jalandhar – 144 002
PUNJAB (INDIA)Tel: 0181 – 5081056, 2205774; Fax: 0181-2200082
Email: infor@spartansports.co.in




*BEST WISHES FROM NIRA*